
IU 08/13

भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

रु. 500 FIVE HUNDRED RUPEES

पाँच सौ रुपये Rs. 500



INDIA [illegible] DICIAL

त्तर प्रदेश UTTAR PRADESH R 757951

28 MAY 2013

KUSHINAGAR

(1)

**(TRUST DEED)**

-:न्यास अभिपत्र:-

मैं कि सुभाष प्रसाद त्रिपाठी पुत्र श्री भोला प्रसाद त्रिपाठी, ग्राम व पो०-भठहीं खुर्द, तहसील-कसया,जनपद-कुशीनगर उ०प्र०का निवासी हूँ। मैं एक शिक्षक एवं समाज सेवक के रुप में कार्यरत हूँ। विदित हो कि अमरत्वप्राप्त निरन्तर अपने आशिर्वाद से सिंचित करने वाले मेरे देवतुल्य पितामह स्व० श्री शुकदेव प्रसाद त्रिपाठी भी एक कुशल अतिप्रतिष्ठित समाजसेवी व्यक्ति थे,जिनको परम पिता परमेश्वर से दिव्य आशिर्वाद प्राप्त था। वे किसी भी परिस्थिति में मानवीय आदर्शों से समझौता न करने वाले सत्यनिष्ठ एवं अपने कर्तव्य एवं दायित्व निर्वाह के प्रति पूर्ण रुप से समर्पित व्यक्तित्व के धनी थे। हमें अपने पितामह का प्रथम पौत्र व पिताश्री का प्रथम पुत्र होने पर गर्व है, और पिताश्री द्वारा अपने अनुजों के साथ-साथ उनके सामाजिक कार्यों में सहभागिता एवं देश की नयी पीढी को मार्गदर्शन प्रदान करने जैसे पुण्य कार्य करने की प्रेरणा मिली है, जिसके लिए वर्तमान परिस्थिति में एक समिति/संस्थान अथवा ट्रस्ट की आवश्यकता है।मैं अपने पिताश्री एवं माताश्री की प्रेरणा से अपने कुल के गौरव रहे पितामह के नाम से एक संस्मरणीय न्यास का जिसका नाम **''श्री शुकदेव प्रसाद त्रिपाठी स्मारक संस्कृत विद्यापीठ''**,होगा जो लोक कल्याण हेतु आगे कार्यरत रहेगा का गठन करता हूँ,जिसकी प्रारम्भिक आधारभूत आय व धनराशि मुबलिक 51,000/ (इक्यावन हजार रुपये मात्र) है। उपरोक्त न्यास को समर्पित करता हूँ ,जो उपरोक्त न्यास की सम्पत्ति के रुप में प्रयुक्त होगी। भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति इस न्यास, को या सम्बन्धित न्यासी, या उनके उत्तराधिकारीगण को दान देगा अथवा किसी भी अन्य श्रोत से जो भी आय व धनराशि इस न्यास को प्राप्त होगा वह उपरोक्त न्यास की सम्पत्ति के रुप में प्रयुक्त होगा ।

CHAIRMAN / MANAGER
S.T.N.T. MODERN PUBLIC SCHOOL
BHATHAHI KURD, KHADDA ROAD,
FAZILNAGAR, KUSHINAGAR

Principal
S.T.N.T. Modern Public School
Bhathahi Kurd, Shri
Fazilnagar, Kushinagar (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH AX 866421

(2)

विदित हो कि मैं सुभाष प्रसाद त्रिपाठी पुत्र श्री भोला प्रसाद त्रिपाठी, न्यास के आजीवन संस्थापक सदस्य व अध्यक्ष के पद पर कार्य करुँगा, मेंरे अतिरिक्त इस न्यास में दो और पदाधिकारी सचिव व कोषाध्यक्ष होंगे। इस प्रकार उपरोक्त तीन पदाधिकारी कमबद्ध अध्यक्ष,सचिव व कोषाध्यक्ष होंगे।

मैं सुभाष प्रसाद त्रिपाठी पुत्र श्री भोला प्रसाद त्रिपाठी, आजीवन उपरोक्त संदर्भित न्यास का अध्यक्ष/संस्थापक सदस्य के पद पर पदासीन रहूँगा, और यदि बीच में मेरी आकस्मिक मृत्यु हो जाती है, तो न्यास उपरोक्त के अध्यक्ष पद पर मेरी पत्नी श्रीमती निर्मला त्रिपाठी की नियुक्ति स्वतः हो जायेगी ओर श्रीमती त्रिपाठी के द्वारा स्वेच्छा से त्याग पत्र देने या इनके जीवित रहते ही इनके द्वारा नामित/मनोनीत करने पर या श्रीमती त्रिपाठी की मृत्यु के पश्चात उपरोक्त न्यास के अध्यक्ष पद पर मेरा पुत्र उद्भव उर्फ विश्वेश्वर त्रिपाठी स्वतः नियुक्त हो जायेगा,और न्यास तथा इस न्यास से संचालित समस्त संस्थाओं एवं कार्यों का संचालन तथा देखरेख स्वयं करेगा,तथा इसी कम में उसका प्रथम पुत्र या पुत्र न होने की दशा में प्रथम पुत्री न्यास का अध्यक्ष हो जायेगा,तथा यह कम पीढी दर पीढी चलता रहेगा।

विदित हो कि न्यास के सचिव पद पर सदस्य श्री प्रदीप कुमार दूबे पुत्र श्री रमाकान्त दूबे हास्पीटल रोड फाजिलनगर जिला-कुशीनगर को नियुक्त करता हूँ तथा कोषाध्यक्ष पद पर श्री नागेन्द्र प्रसाद चौबे पुत्र स्व० श्री हरिवंश चौबे ग्राम -बकुलहर पो०-कारखाना. बेलवां तहसील-कसया जिला-कुशीनगर को नियुक्त करता हूँ ।

सचिव व कोषाध्यक्ष न्यास के हित में अपने कार्य का समुचित अनुपालन करेंगे,तथा न करने की स्थिति में अध्यक्ष द्वारा इन्हें तत्काल पदमुक्त किया जा सकता है, जो मौखिक भी किया जा सकता है। उनकी आकस्मिक मृत्यु या असक्षम/अक्षम होने की स्थिति में उन्हें पदमुक्त करने का अधिकार व उनकी रिक्त जगह पर अन्य व्यक्ति को नियुक्त करने का अधिकार अध्यक्ष न्यास को होगा। न्यास के अध्यक्ष/संस्थापक द्वारा न्यास के दो पदाधिकारियों (सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के अतिरिक्त दो और सदस्य नियुक्त किये जायेंगे, जो अध्यक्ष के निर्देशानुसार कभी भी किये जा सकते हैं। न्यास में रहते हए यदि इन सदस्यों द्वारा न्यास के हितों के विरुद्ध कोई कार्य किया जाता है

CHAIRMAN / MANAGER
S.T.N.T. MODERN PUBLIC SCHOOL
BHATHAHI KHURDSUKADEO NAGAR,

Principal
S.T.N.T. Modern Public School
Bhathahi Kurd, Shukdeo Nagar
Fazilnagar Kushinagar (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH AX 866420

(3)

तो अध्यक्ष द्वारा इन्हें निष्कासित कर उनके स्थान पर अन्य सदस्य नियुक्त किया जा सकता है । न्यास मंडल का निम्नवत गठन किया जाता है।

न्यास मण्डल

| क्र०सं० | नाम व पता | पद |
|---|---|---|
| १- | सुभाष प्रसाद त्रिपाठी पुत्र श्री भोला प्रसाद त्रिपाठी<br>ग्राम व पो०-भठहीं खुर्द तहसील-कसया<br>जिला-कुशीनगर । | अध्यक्ष/संस्थापक |
| २- | श्री नागेन्द्र प्रसाद चौबे पुत्र स्व० श्री हरिवंश चौबे<br>ग्राम -बकुलहर पो०-कारखाना बेलवां तहसील-कसया<br>जिला-कुशीनगर । | कोषाध्यक्ष |
| ३. | प्रदीप कुमार दूबे पुत्र श्री रमाकान्त दूबे<br>हास्पीटल रोड फाजिलनगर<br>जिला-कुशीनगर | सचिव |
| ४. | श्री अभिनन्दन कुमार मिश्र पुत्र श्री श्रीराम मिश्र<br>ग्राम -माधोपुर पो०-सेखवनिया<br>जिला-कुशीनगर | सदस्य |
| ५. | विश्वनाथ राय पुत्र स्व० श्री कोकिल राय<br>ग्राम व पो०-भठही खुर्द<br>जिला-कुशीनगर | सदस्य |

CHAIRMAN / MANAGER
S.T.N.T. MODERN PUBLIC SCHOOL
BHATHAHI KHURD SUKADEO NAGAR

Principal
S.T... ...dern Public School
B... ...hi Kurd, Shukdeo Nagar

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AX 866419

(4)

31 MAY 2013

अध्यक्ष के अतिरिक्त न्यास के सामान्य सदस्य व अन्य पदाधिकारीगण के विकृत चित्त होने (पागल) पर या किसी आपराधिक मामले में दण्डित होने पर न्यास के छवि के विरूद्ध गतिविधियों में लिप्त होना सिद्ध होने पर अथवा मृत्यु आदि होने पर उनकी सदस्यता स्वाभाविक तौर पर अध्यक्ष न्यास द्वारा समाप्त कर दी जायेगी और रिक्त स्थानों की पूर्ति अध्यक्ष न्यास द्वारा कर लिया जायेगा।

न्यास का कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण भारत वर्ष होगा,तथा न्यास का प्रधान कार्यालय ग्राम व पो०: भठही खुर्द,तहसील : कसया जिला: कुशीनगर उ०प्र० में होगा।

न्यास का उद्देश्य व नियमावली -

१- न्यास का मुख्य उद्देश्य शिक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार करना एवं लोकहित सम्बन्धी समस्त कल्याणकारी कार्यकमों/योजनाओं का संचालन, क्रियान्वयन करना होगा।

२- न्यास द्वारा सी०बी०एस०ई० एवं आई०सी०एस०ई० बोर्ड से मान्यता प्राप्त कर प्रारम्भिक स्तर से लेकर माध्यमिक स्तर तक के विद्यालयों का संचालन करना।

३- प्रदेश एवं देश में प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा व चिकित्सकीय शिक्षा तथा अन्य शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना एवं चिकित्सीय शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा हेतु विद्यालय व महाविद्यालय तथा शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय खोलना तथा चिकित्सालयों की स्थापना एवं उसका संचालन करना।

४- शिक्षा जगत में अन्य महत्वपूर्ण कार्य संभावित लोकहितार्थ प्रचार, विकास, विस्तार कराना होगा तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक छात्रों के साथ-साथ अन्य सभी वर्गों के छात्रों को कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराना, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, साक्षरता कार्यक्रम, उपभोक्ता जागरूकता, राष्ट्रीय एकता, ऊसर सुधार, महिला एवं बाल विकास, पशुधन एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्यान एवं सामाजिक वानिकी स्वच्छ पेयजल, कुटीर

CHAIRMAN / MANAGER
S.T.N.T. MODERN PUBLIC SCHOOL
BHATHAHI KHURD SUKADEO NAGAR
FAZILNAGAR, KUSHINAGAR

Principal
S.T.N.T. Modern Public School
Bhathahi Kurd, Shukdeo Nagar
Fazilnagar, Kushinagar (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH AX 866418



उद्योग,ईंट भट्ठे का निर्माण कराना,बेरोजगारी दूर करने हेतु उद्योग धंधे लगवाना पेट्रोल व डीजल पम्प लगवाना अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण एवं कृषि सुधार आदि सम्बन्धित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कराना होगा तथा समाज के गरीब वर्गों हेतु स्वास्थ्य सेवा का विस्तार आदि एवं ईंट भठ्ठों का संचालन करना।

५- न्यास भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को संचालित कर सकता है व इसे आपेक्षित सहयोग प्रदान करेगा व उपरोक्त के निर्देशानुसार कार्यान्वयन भी करेगा।

६. लोकहितार्थ व न्यास के उद्देश्यों के हित में चल-अचल सम्पत्ति का विकास-विस्तार क्रय-विक्रय, हस्तान्तरण, विनिमय प्रतिभूति, अन्तरण, बैंक में खाता खोलना आदि समस्त कार्य करने का अधिकार स्वयं अध्यक्ष को होगा,।

७. न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु न्यास के अध्यक्ष को जनसामान्य, बैंक, राज्य, व केन्द्र सरकार या किसी संस्था से दान-अनुदान, ऋण, भूमि क्रय अथवा पट्टा आदि तथा भाड़ा आदि पर भूमि भवन सहित कुछ भी लेने का अधिकार होगा।

८. न्यास का खाता किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा क्षेत्रीय डाकघर में खोला जाएगा एवं खाते का संचालन अध्यक्ष द्वारा स्वयं अथवा अध्यक्ष के साथ अध्यक्ष द्वारा निर्देशित कोई व्यक्ति/न्यास का पदाधिकारी या सदस्य संयुक्त रूप से कर सकता है।

९. न्यास के अन्तर्गत की गयी समस्त कार्यवाही का न्यायिक निस्तारण या सम्बन्धित मामले जनपद न्यायालय कुशीनगर को क्षेत्राधिकार में होगा।

१०. न्यास के प्रत्येक सदस्य एवं पदाधिकारी का वयस्क व स्वस्थचित होना आवश्यक है।

CHAIRMAN / MANAGER
S.T.N.T. MODERN PUBLIC SCHOOL
BHATHAHI KHURDSUKADEO NAGAR,
FAZILNAGAR, KUSHINAGAR

Principal
S.T.N.T. Modern Public School
Bhathahin Kurd, Shukdeo Nagar
Fazilnagar, Kushinagar (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AX 86641

(6)

११. न्यास द्वारा संचालित समस्त संस्थाओं एवं न्यास के समस्त आय-व्यय का लेखा-जोखा अध्यक्ष की अनुमति से कोषाध्यक्ष सुचारू रूप से रखेगा और समय-समय पर अध्यक्ष महोदय को आर्थिक आय-व्यय की प्रविष्टि से संतुष्ट करेगा।

१२. न्यास की वार्षिक बैठक जून माह में आवश्यक रूप से होगी जिसमें समस्त पदाधिकारीगण व सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित होगी। आवश्यकता पड़ने पर, विशेष परिस्थिति में मध्यावधि बैठक अध्यक्ष द्वारा कभी भी आहुत की जा सकेगी।

१३. न्यास के आवश्यक अभिलेख का रख रखाव अध्यक्ष की सहमति से कोई पदाधिकारी अथवा सचिव करेगा और न्यास की आवश्यक बैंठक अध्यक्ष की अनुमति से १ दिन पहले सूचना देकर बुलायी जा सकती है।

१४. न्यास का आडिट का कार्य अध्यक्ष अपने विवेक से मान्यता प्राप्त किसी चार्टड एकाउन्टेन्ट (सी०ए०) से कराने का अधिकार सदैव रखेगा।

१५. न्यास के नियमों अथवा किसी प्रकार का कोई भी आवश्यक संसोधन न्यास में अध्यक्ष की अनुमति से ही किया जा सकेगा।

विदित हो कि न्यास के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत न्यास द्वारा जिस विद्यालय की स्थापना की जायेगी उसकी नियमावली तथा प्रबन्धकारिणी समिति सम्बन्धी अभिलेख विद्यालय संचालित होते ही अलग से अध्यक्ष द्वारा बनाकर सम्बन्धित शिक्षा विभाग के समक्ष अधिकारी को प्रेषित की जायेगी तथा ट्रस्ट के उपरोक्त के निबंधित दस्तावेज के साथ संलग्न की जायेगी। न्यास द्वारा संचालित विद्यालयों की प्रबन्धकारिणी समिति में न्यास उपरोक्त के ही पदाधिकारी/सदस्य अध्यक्ष,कोषाध्यक्ष व सचिव ही विद्यालय प्रबन्धकारिणी के पदेन पदाधिकारी ही नहीं होगें बल्कि अध्यक्ष द्वारा मौखिक या लिखित रूप से मनोनीत या चयनित सदस्य/पदाधिकारी भी विद्यालय के प्रबन्धकारिणी

CHAIRMAN / MANAGER
S.T.N.T. MODERN PUBLIC SCHOOL
SHATHAHI KHURDSUKADEO NAGAR,

Principal
S.T.N.T. Modern Public School
Bathahin Kurd, Shukdeo Nagar
Fazilnagar, Kushinagar (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH AX 866416

(7)

समिति के प्रबन्धक,सचिव,कोषाध्यक्ष सदस्य अथवा अन्य पदाधिकारी हो सकते हैं। और जरिए अध्यक्ष के प्रबन्धकारिणी समिति के समस्त प्रस्ताव के अनुसार विद्यालय हेतु भूमि क्रय करना, भवन निर्माण कराना, सम्पत्ति आवश्यक का सृजन करना व उपरोक्त का कय विक्रय करना आदि समस्त सम्बन्धित अधिकार न्यास अध्यक्ष/संस्थापक अध्यक्ष के पास ही रहेगा और विद्यालय का धन एवं समस्त कोष अध्यक्ष के विवेक से किसी राष्ट्रीकृत बैंक में अपने पद हस्ताक्षर से खाता खोलकर उसका संचालन व उपयोग करेगा। आवश्यकता पड़ने पर विद्यालय प्रबन्धकारिणी समिति की बैंठक अध्यक्ष स्वविवेक से आहूत करेगा तथा आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न करेगा। यदि न्यास के अध्यक्ष की अनुमति हो तो सचिव न्यास ही उपरोक्त विद्यालय की प्रबन्धकारिणी समिति का भी सचिव/प्रबन्धक के रूप में नियुक्त किया जा सकेगा। न्यास द्वारा संचालित समस्त संस्थाओं का अध्यक्ष न्यास का अध्यक्ष ही होगा।

अध्यक्ष जिसे नियमानुसार नियुक्त करेगा वही विद्यालय का प्रधानाचार्य होगा जो विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, पठन-पाठन, छात्रों की उपस्थिति तथा उनके हितार्थ समस्त कार्यों का निष्पादन अनुश्रवण अध्यक्ष/प्रबन्धक के निर्देशानुसार करेगा।

विद्यालय के किसी भी प्राध्यापक, लिपिक, पुस्तकालय प्राधिकारी, प्रयोगशाला सहायक, चौकीदार, तथा स्थाई/अस्थाई सहयोगियों तथा प्रधानाचार्य तक को नियुक्त व निष्कासन करने का पूर्ण अधिकार व दायित्व अध्यक्ष विद्यालय/अध्यक्ष न्यास उपरोक्त को होगा।

अतः मै सुभाष प्रसाद त्रिपाठी पुत्र श्री भोला प्रसाद त्रिपाठी इस न्यास के गठन के सन्दर्भ में इसकी व्यवस्था को चिरस्थाई रखने हेतु इसका पंजीकरण अपने हस्ताक्षर से बहैसियत अध्यक्ष व संस्थापक न्यास उपरोक्त एक विलेखीय रूप में हमेशा काम आने के सन्दर्भ में आज दिनांक 04 जन 2013 को निम्न साक्षीगण के उपस्थिति

CHAIRMAN / MANAGER
S.T.N.T. MODERN PUBLIC SCHOOL
GHATHAHI KHURD SHUKADEO NAGAR,
FAZILNAGAR, KUSHINAGAR

Principal
S.T.N.T. Modern Public School
Ghathahi Kurd, Shukdeo Nagar
Fazilnagar, Kushinagar (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

(8)

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AX 866422

मैं इस न्यास के घोषणा पत्र को निष्पादन करता हूँ।

लेखक-नागेन्द्र तिवारी नागेन्द्र तिवारी

दिनांक-04-06-2013

31 MAY 2013

(सुभाष प्रसाद त्रिपाठी)
पुत्र श्री भोला प्रसाद त्रिपाठी
ग्राम व पोस्ट-भठहीं खुर्द
तहसील-कसया जनपद-कुशीनगर
उ०प्र०

साक्षीगण-

१-अवधेश कुमार तिवारी पुत्र स्व० श्री सुरेन्द्र तिवारी ग्राम व पोस्ट-भलुहीं मदारी पट्टी तहसील-कसया जनपद-कुशीनगर (उ०प्र०) ------ अवधेश

२-उत्तम कुमार शुक्ल पुत्र स्व० श्री गोरख शुक्ल ग्राम-भठहीं बुजुर्ग पोस्ट-भठहीं खुर्द तहसील-कसया जनपद-कुशीनगर (उ०प्र०) उत्तम कुमार शुक्ला पि० श्री स्व० गोरखनाथ शुक्ला

!!ईश्वर मेरी मदद करे!!

CHAIRMAN / MANAGER
S.T.N.T. MODERN PUBLIC SCHOOL
BHATHAHI KHURD SUKADEO NAGAR
FAZILNAGAR, KUSHINAGAR

Principal
S.T.N.T. Modern Public School
Bhathahin Kurd, Shukdeo Nagar
Fazilnagar, Kushinagar (U.P.)